DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

दून विवि का पंजाब विवि व आईएसटीडी से एमओयू

देहरादून। दून विश्वविद्यालय ने पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ और आईएसटीडी नई दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एमओयू प्रदेश में कौशल विकास और प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने का नया द्वार खोलेगा। मंगलवार को कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल की मौजूदगी में दो एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। पहले एमओयू पर दून विवि के रजिस्ट्रार डा. एमएस मंद्रवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) नई दिल्ली अनीता चौहान और दूसरे एमओयू पर पंजाब यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार के साथ हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा कि एमओयू का उद्देश्य आपसी सहयोग को बढ़ाना है। नीति निर्माण के क्षेत्र एवं हिमालयी राज्यों में अध्ययन और परियोजनाओं को चलाने के लिए पंजाब विवि गतिविधियों का केंद्र होगा। पंजाब विवि का प्रतिनिधित्व प्रोफेसर कश्मीर सिंह ने किया। इस मौके पर डा. एसी जोशी, प्रो. आरपी ममगाई, प्रो. एचसी पुरोहित, राजेंद्र सिंह, अनूप कुमार, कर्नल डीपी. डिमरी, निधि जोशी, अजय बिष्ट आदि मौजूद थे।

News paper – Rastriya Sahara
Date – 14.02.2024